बिहार विधान परिषद

(198वां मानसून सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

29 जुलाई 2021

[जल संसाधन - वित्त विभाग - श्रम संसाधन - परिवहन - लघु जल संसाधन - अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण - पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण - वाणिज्य कर - पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन - मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन - योजना एवं विकास - समाज कल्याण गृह].

Total Short Notice Question- 3

अनियमितता की जांच

*18 **मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **लघु जल संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिला में नलकूप की मरम्मती हेतु वर्ष 2015 से 2021 तक लगभग 22 करोड़ रुपये आंवटित होने के बावजूद भी जिले के कुल 77 नलकूप में से 55 नलकूप अभी भी खराब हैं;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार लघु सिंचाई प्रमंडल, शिवहर में हुई अनियमितता की जांच कराकर सभी 77 नलकूपों को चालू कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक ?

दुःखद घटनाओं की रोकथाम

*19 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

क्या **गृह** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि मध्य अप्रैल 2021 को लखीसराय टाउन थाना क्षेत्र के कार्यानंद नगर में तिलक समारोह के अवसर पर हर्ष फायरिंग के कारण एक लड़के की मौत हो गयी;

(ख) क्या यह सही है कि इस कोरोना काल में शादी-विवाह एवं जन्म दिवस समारोह में कई स्थानों पर अश्लील डांस के क्रम में हर्ष फायरिंग की घटना घटी है जिसमें कई मौतें भी हुई हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो इस तरह की दु:खद घटनाएं राज्य में कहां-कहां घटी हैं और उनके खिलाफ सरकार ने कौन-सी कारवाई की है ?

अतिक्रमण मुक्त कबतक

*20 **श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

क्या **जल संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि गया जिला के वजीरगंज प्रखंड के अतिप्राचीन जकोहरी नदी के दोनों किनारों पर अतिक्रमण कर लिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि जकोहरी के किनारों पर अतिक्रमण किए जाने के कारण नदी सिमट कर काफी पतली हो गयी है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शीघ्र इस नदी को अतिक्रमण मुक्त कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक ?